दैनिक
# पदमावत मीडिया
Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे।•
www.padmavatmedia.in | Mo. 9594542679 | Email- padmavatmedia@gmail.com
वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 222 • मुंबई, शनिवार, 20 अप्रैल, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 3 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •

## सिएलजी सदस्य, पुलिस मित्र, सुरक्षा सखी मौतबिरान लोगों की मीटींग का आयोजन



पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला पुलिस अधीक्षक अरशद अली के द्वारा थाना सराडा पर सिएलजी सदस्य, पुलिस मित्र, सुरक्षा सखी, सरपंच गण एवं अन्य मौतबिर लोगों की मिटींग ली गयी इस मीटींग में हिन्दु मुस्लिम समुदाय एवं हर समाज के लोग उपस्थित हुये।इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव 2024 एवं आगामी दिनों में मनाये जाने वाले धार्मिक व सामाजिक पर्वो के आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की व सहयोग करने की अपील की गयी। लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्वक मतदान करने एवं आगामी पर्वो को शांतिपूर्वक सौहार्दपूर्ण भाईचारे की भावना रखते हुये आयोजन करने के संबंध में अवगत कराया गया साथ ही उपस्थितगण ने थाना सर्कल के कस्बा चावण्ड व कस्बा सराडा में ट्रेफिक संबंधी समस्याओं के संबंध में अवगत कराया जिस पर आवश्यक कार्यवाही करवायी जाकर समस्याओं का निस्तारण किया जाकर आमजन को राहत प्रदान की जावेगी।

## समावेशी वॉकथान के माध्यम से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश





पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** जिले में लोकसभा आम चुनाव अंतर्गत आयोजित की जा रही स्वीप गतिविधियों के तहत शुक्रवार को सतरंगी सप्ताह कार्यक्रम के तीसरे दिन समावेशी वॉकथान का आयोजन किया गया।

ग्राम पंचायत अमरपुरा पंचायत समिति जयसमंद में आयोजित हुई वॉकथान में महिलाओं, ग्रामीणों एवं राजकीय कार्मिकों ने प्रतिभागी के रूप में भाग लेकर आमजन को मतदान दिवस 26 अप्रैल को लोकसभा आम चुनाव में मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

**मतदाता पर्ची वितरण**

महादेव खेड़ा, नोली, कपुरावतों का बाड़ा, सीपुर, वगरूवा, सेरिया, ढाणी सीपुर, सल्लाड़ा, कड़ी मंगरी, नईझर, बस्सी बुझाडा, खंडोरा, खेरकी में मतदाता पर्ची का वितरण किया गया।

**होम वोटिंग**

लोकसभा चुनाव 2024 के तहत शुक्रवार को मैथुडी, भई, खरबर, कपुरावतों का बाड़ा, वीरपुरा में होम वोटिंग की प्रक्रिया में बुजुर्ग एवं विषेश योग्यजन मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर लोकतंत्र के त्यौहार में भागीदार बनते हुए अपने-अपने घरों से मतदान किया और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रारंभ की गई इस सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग को धन्यवाद दिया।

**स्काउट गाइड वोलेंटियर का प्रशिक्षण**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करावली में स्काउट गाइड वालंटियर का प्रशिक्षण आयोजित हुआ। प्रधानाचार्य डॉ. विजय चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्थानीय स्काउट संघ के सचिव श्याम किशोर उपाध्याय ने एवं विशेष प्रशिक्षक फवेन्द्र टांक ने 80 स्काउट गाइड वालंटियर को मतदान दिवस पर मतदाताओं की सहायता से संबंधित प्रशिक्षण दिया।

**सराड़ा में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई**

निर्वाचन आयोग की ओर से मतदान प्रतिशत बढाने हेतु सतरंगी सप्ताह के तीसरे दिन सर्विस वोटर एवं सरकारी कर्मचारियों के द्वारा सामुहिक वौकाथन कर मतदान हेतु जागरूक किया गया पंचायत समिति सराडा क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सराडा से बस स्टेण्ड तक रैली निकाली गयी एवं मतदाताओं से मतदान की शपथ दिलाई गयी । इस अवसर पर विकास अधिकारी अणदाराम, अति. विकास अधिकारी कैदार नारायण चौधरी, सहायक विकास अधिकारी हरीशंकर पण्डया, मुख्य ब्लॉक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सराडा सुरेश कुमार मंडावरिया, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सराडा नाथुलाल बुनकर उपप्राचार्य जगदीश लाल जोशी, गणेश लाल देवडा, स्वीप सह प्रभारी मुकेश जोशी एवं अन्य सभी विभागों के कार्मिक उपस्थित रहें।

## अपहरण कर मारपीट के आरोपियों को सुखेर पुलिस ने गिरफ्तार किया



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले के सुखेर थाना पुलिस की टीम ने एक व्यक्ति का अपहरण कर मारपीट के मामले में त्वरित कार्यवाही कर मात्र 1 घंटे के अंदर अपहृत को छुड़वा दो आरोपियों डूले सिंह पुत्र जगत सिंह निवासी रामा थाना सुखेर एवं निर्भय सिंह पुत्र भंवर सिंह निवासी उषाण थाना नाथद्वारा जिला राजसमंद को गिरफ्तार कर लिया। एसपी योगेश यादव ने बताया कि गुरुवार को सुखेर थाने पर सूचना मिली कि कैलाशपुरी निवासी मोहनलाल नागदा का बदमाशों ने अपहरण कर लिया है। बदमाश किसी गंभीर वारदात को अंजाम दे सकते हैं। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा व सीओ कैलाश के सुपरविजन एवं एसएचओ हिमांशु सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। एसपी गोयल ने बताया कि विशेष टीम द्वारा तुरंत अपहृत मोहनलाल की तलाश शुरू की। तकनीकी एवं अन्य संकलित साक्ष्य के आधार पर रामा गांव के एक सुनसान इलाके से अपहृत को दस्तयाब कर मौके से आरोपी डूले सिंह व निर्भय सिंह को गिरफ्तार किया गया। जिन्हें पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## पोस्टल बैलेट के संबंध में अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें - कलेक्टर


पदमावत मीडिया

**मंदसौर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत पोस्टल बैलेट से मतदान करने के संबंध में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कहा गया की पोस्टल बैलेट के संबंध में अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें। अगर किसी को किसी प्रकार की समस्या हो या कुछ समझ में ना आया हो तो अच्छे से पूछे। एक एक डाउट को अच्छे से क्लियर करें। फॉर्म 12ए,बी,सी,डी अच्छे से भरे। उसका अच्छे से अध्ययन करें। इसके साथ ही पोस्टल बैलेट के संबंध में जितनी भी जानकारियां उनको अच्छे से अध्ययन करें। फॉर्म पूर्ण रूप से भरे। इसके साथ ही फार्म भरने के बाद तीन बार उसको चेक भी करें। ईडीसी की सील उचित स्थान पर ही लगे। प्रशिक्षण डॉक्टर जेके जैन द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र परमार सहित पोस्टल बैलट के लिए नियुक्त कर्मचारी मौजूद थे।

## 21 अप्रैल को मनाई जाएगी भगवान महावीर की जयंती धार्मिक एवं सेवा के होंगे अनेक कार्य

पदमावत मीडिया

**अम्बाह/मध्य प्रदेश ।** विश्व वंदनीय जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव रविवार 21 अप्रैल को उत्साह एवं धार्मिक वातावरण में मनाया जाएगा इस अवसर पर जैन समाज अंबाह द्वारा अनेक धार्मिक एवं समाज सेवा के कार्य किए जाएंगे जानकारी के मुताबिक रविवार को जैन साध्वी विश्रेय श्री माताजी के सानिध्य में उत्सव का प्रारंभ प्रातः साढ़े 5 बजे प्रभातफेरी के माध्यम से होगा। उसके बाद सभी जैन मंदिरों में श्रीजी के अभिषेक पूजन का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 9 बजे भगवान श्री महावीर स्वामी की भव्य शोभा यात्रा श्री आदिनाथ जिनालय से निकाली जाएगी जिसमें श्रीजी को रथ में विराजमान कर चंवर ढुराते हुए आरती करते हुए दिव्य घोष के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होकर नगर भ्रमण कराया जाएगा। इसके लिए नगर में स्वागत द्वार सज्जा और रंगोली सज्जा की जाएगी। वापिसी में शोभा यात्रा का समापन नवीन जैन बगीची पर श्रीजी के अभिषेक एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न होने के साथ होगा। वही सुबह आठ बजे शासकीय चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरण किया जाएगा। इसके बाद शाम को 7:30 बजे से भगवान की आरती आयोजित की जाएंगी। जैन समाज से सम्पूर्ण आयोजन में उपस्थत रहने की अपील की गई है।



## आरक्षक राजाराम जाट की मृत्यु की घटना का खुलासा घटना में शामिल कुल 06 को आरोपी बनाया, 04 आरोपी गिरफ्तार व 02 फरार



पदमावत मीडिया

**नीमच/मंदसौर।** पुलिस अधीक्षक नीमच अंकित जायसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस टीम द्वारा दिनांक 29 फरवरी 2024 की प्रातः भरभडियॉ रोड़ पर स्वीफ्ट डिजायर कार एवं स्कार्पियों के मध्य हुए एक्सीडेंट के घटनाक्रम का पर्दाफाश कर घटनाक्रम से जुड़े 04 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

घटना का विवरण दिनांक 29 फरवरी 2024 को पुलिस सहायता केन्द्र जवासा थाना नीमच सिटी पर तैनात आरक्षक कारूलाल जाट द्वारा सूचना दी गई कि सुबह करीबन 5 बजे मेरा भाई राजाराम मुझसे फायरिंग रेंज पर जाने का बोल मुझसे मेरी स्कार्पियो वाहन नंबर एमपी 44 सीबी 0583 लेकर फायरिंग रेंज घसुंडी के लिये निकला था। उसके बाद मुझे सुबह 8 बजे जर्ये दुरभाष सूचना मिली की मेरे भाई राजाराम जो स्कार्पियो लेकर गया था वह क्षतिग्रस्त अवस्था में बालाजी नगर के पास भरभडिया रोड पर पड़ी हैं मौके पर पहुंचकर देखते मेरी उक्त स्कार्पियो वाहन क्षतिग्रस्त अवस्था में घटनास्थल पर पडी थी तथा पास मे ही एक स्वीफट डिजायर कार नंबर आरजे 39 सीए 5996 घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त होकर पडी थी जिसमे कोई व्यक्ति नही था व राजाराम को सीर में गम्भीर चोट होकर खुन निकल रहा था। बाद राजाराम को जिला चिकित्सालय नीमच लेकर गये जहां पर चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित किया गया। उक्त घटना पर से पुलिस थाना नीमच केंट पर अपराध क्र 69/24 धारा 304 भादवि का कायम कर विवेचना मे लिया गया था।

पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया घटना की गंभीरता को देखते हुए मुखबिर तंत्र एवं तकनिकी अनुसंधान हेतु टीम का गठन किया गया। विवेचना के दौरान निम्नानुसार आरोपियों की घटना में संल्पितता पाई गई।

गिरफ्तार चार आरोपी

01. श्रवण पिता सुरजाराम विश्नोई उम्र 41 साल निवासी ग्राम डोली कला थाना कल्याणपुर जिला बालोतरा (वाहन मालिक) ,

02. राजुराम पिता भंवराराम डारा विश्नोई उम्र 28 साल निवासी ग्राम डोली कला तहसील पचपरदा जिला बालोतरा (मुख्य आरोपी),

03. अशोक पिता भागीरथराम विश्नोई निवासी ग्राम डोली कला थाना कल्याणपुर जिला बालोतरा (आरोपियों को शरण देने में),

04. रायसिंह पिता श्यामसिंह कछावा निवासी रायसिंहपुरा थाना नीमचसिटी जिला नीमच (मादक पदार्थ उपलब्ध कराने वाला) ।

फरार दो आरोपी

01. शेखर उर्फ सुनील पिता बप्पराम विश्नोई निवासी निवासी ग्राम डोली कला थाना कल्याणपुर जिला बालोतरा (मुख्य आरोपी) ,

02. रामलाल पिता खगाराम गोदारा निवासी ग्राम डोली कला थाना कल्याणपुर जिला बालोतरा (सह आरोपी)।

घटना का खुलासा इस प्रकार हुआ है कि आरोपी शेखर व राजुराम दोनो आरोपी रामलाल गोदारा के कहने पर जोधपुर से अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा लेने नीमच आये थे जिनको आरोपी श्रवणराम द्वारा स्विफ्ट डिजायर वाहन आरजे 39 सीए 5996 उपलब्ध कराया गया था। दिनांक 28.02.24 को आरोपी शेखर व राजुराम दोनो मादक पदार्थ लेने नीमच आये जिनकी मादक पदार्थ के संबंध में ग्राम रायसिंहपुरा निवासी रायसिंह कछावा से चर्चा हुई व दिनांक 29.02.24 को प्रातः लगभग 05 बजे रायसिंह द्वारा दोनो आरोपियों को 54 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा ग्राम भादवामाता के पास से उपलब्ध कराया। आरोपी शेखर व राजुराम दोनो मादक पदार्थ लेकर निकले कि लगभग 05:30 बजे एक स्कार्पियो सफेद रंग की द्वारा पीछा किया गया आरोपियों द्वारा वाहन तेजगति से भगाया तथा महु नीमच हाईवे भरभड़िया फण्टे से आरोपियों द्वारा वाहन बाई ओर मोड़ा आगे आते घटनास्थल स्थित रपट के पास आरोपियों द्वारा पीछा कर रही स्कार्पियो को जानबुझकर ऐसा कट मारा जिससे कि स्कार्पियो अंसतुलित हो जाये जिससे स्कार्पियो वाहन अंसुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया । दोनो ही आरोपियों ने स्विफ्ट डिजायर में रखे अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा को घटनास्थल से कुछ ही दुरी पर कच्चे रास्ते पर एक पुलिया के नीचे जहा आमजन को दिखाई न दे ऐसा छिपाकर रख दिया था तथा दोनो ही आरोपी फरार हो गये थे।

पुलिस द्वारा घटना का खुलासा करते हुये आरोपियों द्वारा छुपाया गया 54 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा जप्त किया गया है। घटना में शामिल मुख्य आरोपी शेखर व राजुराम, अवैध मादक पदार्थ लेने के लिये भेजने वाले रामलाल गोदारा, वाहन उपलब्ध कराने वाले श्रवणराम, आरोपियों को शरण देने वाले अशोक विश्नोई एवं आरोपियों को मादक पदार्थ डोडाचुरा उपलब्ध कराने वाला रायसिंह कछावा इस प्रकार कुल 06 व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है तथा प्रकरण में धारा 304 भादवि के साथ 8/15,25,29,27-ए एनडीपीएस एक्ट एवं 212,120-बी,34 भादवि का ईजाफा किया गया है।

सराहनीय कार्य में उनि शिशुपालसिंह गौर, उनि शंभुसिंह चुण्डावत, सउनि शिवराजसिंह, प्रधान आरक्षक नीरज प्रधान, प्रधान आरक्षक प्रदीप शिन्दे, प्रधान आरक्षक सौरभसिंह सेंगर, प्रधान आरक्षक आदित्य गौड़, आरक्षक लखनप्रताप सिंह, आरक्षक कुलदीपसिंह चुण्डावत, आरक्षक गणेश मालेचा, आरक्षक मन्नु जाट, आरक्षक राहुल सौलंकी, प्रधान आरक्षक राजेश शर्मा, आरक्षक सर्वेश यादव, आरक्षक रामप्रसाद पाटीदार का योगदान सराहनीय रहा है।

## कुण्डरिक स्वामी, गौतम स्वामी, प्रेम सुरी महाराज सा प्रतिमाओं को प्रतिष्ठित की गई

पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्वावधान में तपागच्छ की उद्गम स्थली आयड़ तीर्थ स्थित आत्मवल्लभ सभागर में आचार्य पदमभुषण रत्न सुरिश्वर व प्रन्यास ऋषभ रत्न विजय, साध्वी कीर्तिरेखा श्रीजी संघ की निश्रा में मंगलवार को नवनद ओली के पांचवें दिन विशेष पूजा-अर्चना के साथ अनुष्ठान हुए। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि आयड़ तीर्थ के आत्म वल्लभ सभागार में सुबह 7 बजे दोनों साध्वियों के सानिध्य में आरती, मंगल दीपक, सुबह सर्व औषधी से महाअभिषेक एवं अष्ट प्रकार की पूजा-अर्चना की गई। कुण्डरिक स्वामी, गौतम स्वामी, प्रेम सुरी महाराज सा प्रतिमाओं को प्रतिष्ठित की गई। स्नात्र पूजा के पश्चात विविध प्रकार की औषधियों से प्रतिमा का अभिषेक किया गया। उसके बाद आचार्य पदम्मभुषण रत्न सुरिश्वर के मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिष्ठा की गई। ध्वजा एवं कलश स्थापित किया गया। आरती एवं मंगल दीपक का आयोजन हुआ। इस दौरान सकल संघ की नवकारसी का आयोजन किया गया। उसके पश्चात धर्मसभा हुई जिमसें आचार्य नवपद ओली के पांचवे दिन पांचवें दिन साधु पद की आराधना के महत्व को समझाते हुए कहा कि साधुपद की आराधना से हमें ज्ञान का परम प्रकाश मिलता है। अज्ञान के अन्धेरे छूट जाते हैं। वातावरणीय कर्म निगलित हो जाते हैं ऐसा अनुपम, चमत्कारक साधुपद की निर्मत आराधना का । हमारे जैन शासन ने साधु पद का अत्यन्त ही महत्व बताया है। देवतत्त्व और धर्मतत्त्व को बताने वाले गुरु तत्व है। इसलिए उसे केन्द्र स्थान में रखा गया है। देव और धर्म के बीच मे गुरुपद का स्थान है। जिस तरह दो रूम के बीच में एक दीपक हो तो दोनों रूमों में प्रकाश हो जाता है।- उसी तरह गुरु पद का स्थान बीच में हैं। साधु पद भले ही पाँचने स्थान पर हो लेकिन चार पदों को प्राप्त करवाने वाला साधु पद है। साधुपद के बिना अरिहन्त, सिद्ध, आचार्य उपाध्याय नहीं बन सकते हैं। चार पदों को प्राप्त करने के लिए साधु पद को पहले स्वीकार करना पड़ता है। सायुपद स्तम्भ रूप है, साधुपद नींव रूप है, साधुपद मंजिल रूप है, साधुपद सिद्ध रूप हैं। ज्ञानियों ने कहा है साधु पद के बिना केवमजाल नहीं है और केवलज्ञान के बिना मोक्ष नहीं हैं। मरुदेवी माता को गृहस्थ वेश में केलकरसान हुआ था वह आम्चर्य अपवाद रूप है। भरत क्षेत्र में साधु-साध्वी, आवक-श्राविका रूपी चतुर्विध संघ विद्यमान है तब तक शासन रहेगा। जैसे ही राजु का काल धर्म हो जायेगा तब शासन जिनधर्म का भी विच्छेद हो जायेगा। इसलिए अरिहंत, सिद्ध, आत्याचे, उपाध्याय बनो पर सबसे पहले साधु बनता है । इस पद की आराधना से सबकुछ प्राप्त होता है। इस वअवसर महासभा महामंत्री कुलदीप नाहर, महासभा अध्यक्ष तेजसिंह बोल्या, चतर सिंह पामेचा, सतीस कच्छारा, श्याम हरकावत, भोपाल सिंह दलाल, श्रेयांश पोरवाल, प्रवीण हुमड़, भोपाल सिंह नाहर, अशोक जैन, प्रकाश नागोरी आदि मौजूद रहे।

## मतदाता जागरूकता के लिए ऑनलाइन निर्वाचन प्रश्नोत्तरी व स्लोगन प्रतियोगिता प्रारम्भ
# प्रथम तीन-तीन विजेताओं को मिलेगा कलक्टर के साथ कॉफी का अवसर

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** लोकसभा चुनाव 2024 के अन्तर्गत मतदान प्रतिशत बढाने एवं मतदाताओं को जागरूक कर उनकी सहभागिता बढ़ाने के हरसम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद पोसवाल के निर्देशन में नवाचार करते हुए सोशल मीडिया सेल की ओर से मतदान से जुड़ी ऑनलाइन निर्वाचन क्विज एवं स्लोगन प्रतियोगिता प्रारम्भ की गई है। इन प्रतियोगिताओं में आसान से सवालों का जवाब देने वाले और मतदाता जागरूकता से जुड़े बढ़िया सा स्लोगन लिखने वाले प्रथम तीन-तीन विजेताओं को जिला कलेक्टर के साथ कॉफी पीने का मौका 'कॉफी विद कलक्टर' का अवसर प्राप्त होगा। स्वीप प्रभारी जिला परिषद सीईओ कीर्ति राठौड़ ने शुक्रवार को ऑनलाइन प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सोशल मीडिया सेल प्रभारी शीतल अग्रवाल एवं कार्मिक सेल सह प्रभारी मजहर हुसैन मौजूद थे। सुश्री अग्रवाल ने बताया कि यह ऑनलाइन प्रतियोगिता लोकसभा क्षेत्र में निवासरत सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए है। वेब एप डिस्ट्रीक्ट उदयपुर डॉट इन पर जाकर क्लिक करने से दोनों प्रतियोगिता के लिंक खुल जाते हैं। इसके पश्चात अपनी डिटेल एंट्री कर इस प्रतियोगिता में भाग लिया जा सकता है। उन्होने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को ऑनलाइन प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रथम तीन-तीन विजेताओं को जिला कलक्टर के साथ कॉफी पर भेंट का अवसर प्राप्त होगा। यह प्रतियोगिताएं मतदान दिवस 26 अप्रैल तक ऑनलाइन जारी रहेंगी। बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं की चुनाव प्रक्रिया में सहभागिता बढ़ाने के प्रयास के तहत स्वीप गतिविधियां आयोजित



करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। साथ ही नवाचारों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

## खेत खलिहानों में मतदाता पर्चियां बाँटने पहुँचें बीएलओ



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रेल को होना है, इसके लिए मतदाता पर्चियां बांटने के लिए बूथ लेवल अधिकारी चुनावी कार्य पूरे मनोयोग से निर्वहन कर रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र मावली के सहायक रिटर्निंग अधिकारी मनसुख डामोर ने बताया कि क्षेत्र में बीएलओ मतदाता पर्चियां वितरित करने के लिए न केवल हर मतदाता तक पहुंचकर पर्चियां बांट रहे हैं, बल्कि मतदाता पर्चियां बांटने के लिए उनके खेत खलिहानों में भी पैदल पहुंचकर पर्चियां बांटकर मतदान के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। मावली में भाग संख्या 246 के बीएलओ मुकेश पालीवाल ने डबोक स्थित रेला मोती खेड़ा में मतदाताओं को उनके कार्यस्थल एवं खेतों में जाकर मतदाता पर्चे वितरित किये। बीएलओ पालीवाल ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि जिस प्रकार हम मतदाता पर्ची लेकर आपके पास आए है उसी प्रकार आप सभी मतदान दिवस पर प्राथमिकता के साथ निर्धारित मतदान केन्द्र पहुचे और पूर्ण विवेक से अपने मत का प्रयोग करे। उन्होंने सभी को पहले मतदान फिर जलपान का संकल्प दिलाया और ग्रामीणों ने भी इस संकल्प को दोहराया।

## 9 वर्षीय दिव्यांशी मतदान के लिए कर रही है प्रेरित
## संत तरेसा स्कूल की कक्षा 4 की छात्रा है दिव्यांशी

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अरविंद पोसवाल के निर्देशन में जारी मतदाता जागरूकता गतिविधियों में स्कूली विद्यार्थी भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहे है। इसका उदाहरण देखने को मिला उदयपुर के कोर्ट परिसर में।

बोहरा गणेश जी के जय श्री कॉलोनी में रहने वाली 9 वर्ष की दिव्यांशी अपने पिता एडवोकेट हरीश शर्मा के साथ कोर्ट परिसर पहुंची और अधिवक्ताओं एवं स्टाफ सदस्यों को स्कूल की ओर से चलाए जा रहे मेरा वोट मेरा अधिकार कैम्पन के बारे में जानकारी देकर मतदान के लिए प्रेरित किया और हस्ताक्षर करवाए। दिव्यांशी शहर के संत तरेसा स्कूल में कक्षा 4 की छात्रा है और उसने बताया कि विद्यालय में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत अब तक



536 लोगों को जागरूक कर चुकी है। हाल ही में विभिन्न विद्यालयों के साथ जिला प्रशासन व स्वीप प्रकोष्ठ की बैठक में विद्यालयों को मतदाता जागरूकता में सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। इसके तहत सभी विद्यालयों में मतदाता जागरूकता गतिविधियां की जा रही है और बच्चे प्रेरित होकर आमजन को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे है।

# विभिन्न संस्थान-कार्यालयों में हुई स्वीप गतिविधियां
# युवाओं को दिलाई मतदान की शपथ

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए आमजन को प्रेरित करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार पोसवाल के निर्देशन स्वीप गतिविधियां जारी है।

शुक्रवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत पुरोहितों की मादडी स्थित आईटीकंपनी फ्यूजन में जिला स्वीप प्रभारी श्रीमती कीर्ति राठौड़ ने युवा मतदाताओं को मतदान का महत्व समझाते हुए अधिक से अधिक मतदान की अपील की। कवि अजातशत्रु ने अपनी कविताओं से सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया। साइफन श्रमिक बन्धुओ को मतदान की शपथ दिलाई। मतदाता जागरूकता के तहत सतरंगी सप्ताह की ्लैश मोब थीम के अंतर्गत लेकसिटी मॉल में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक किया गया। भूपाल नोबल्स पब्लिक स्कूल में आयोजित मतदान जागरूकता कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. सीमा नरूका ने विद्यार्थियों को मतदान का महत्व बताते हुए अपने मत का सही प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही 'रेडी टू वोट 'की मानव श्रृंखला बनाकर मतदान का संदेश दिया। ट्रांसपोर्ट नगर देबारी में स्थित ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के नए ऑफिस में स्वीप समन्वयक नरेश सुहालका ने सभी से मतदान की अपील की। डबोक में उदयपुर सीमेंट फेक्ट्री में लगभग 200



श्रमिको एवं कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई। एफएम तड़का द्वारा सेक्टर 5 स्थित मिरिंडा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया। साथ ही आरजे अर्पित ने 100 विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई।

# ट्रांसजेंडर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बताया मतदान का महत्व

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले में जारी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत ट्रांसजेंडर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने किन्नर समुदाय व स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को मतदान का महत्व बताया और मतदान दिवस पर लोकतंत्र के प्रति अपना दायित्व निभाने का आह्वान किया। उन्होंने निर्वाचन विभाग द्वारा की जा रहीं विशेष व्यवस्थाओं के बारे में बताया और निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी दिशा भार्गव, काउंसलर अमित भट्ट आदि उपस्थित रहे।



## जिला कलक्टर ने किया सायरा क्षेत्र का दौरा
## दूरस्थ मतदान केंद्र कुर्रा तथा सीएचसी का निरीक्षण, दिए निर्देश

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल शुक्रवार को जिले के सायरा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने दूरस्थ मतदान केंद्र कुर्रा का निरीक्षण किया। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी जायजा लिया। जिला कलक्टर पोसवाल शुक्रवार को सायरा पहुंचे। वहां से तहसीलदार कैलाश इनाडिया, विकास अधिकारी शैलेंद्र जोशी सहित अन्य के साथ कुंभलगढ़ वन्यजीव अभ्यारण्य क्षेत्र में स्थित दूरस्थ मतदान केंद्र राजकीय विद्यालय कुर्रा पहुंचे। केंद्र पर कुल 1250 मतदाता पंजीकृत हैं। जिला कलक्टर ने मतदान केंद्र तक के पहुंच मार्ग तथा



अपेक्षित सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने राजकीय विद्यालय कुर्रा में चल रहे अध्ययन का भी अवलोकन किया। विद्यार्थियों से संवाद कर शैक्षिक स्तर की जानकारी ली। इसके पश्चात जिला कलक्टर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सायरा पहुंचे। सीएचसी के सभी वार्डों का अवलोकन करते हुए ओपीडी और इनडोर में भर्ती मरीजों के संबंध में जानकारी ली। प्रभारी चिकित्साधिकारी से अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं तथा समस्याओं के बारे में जाना। उन्होंने मौसमी बीमारियों को लेकर सीएचसी स्तर पर आवश्यक प्रबंध किए जाने के निर्देश दिए।

## वन विभाग की शिल्पग्राम नर्सरी में परिंडे बांधे - शाम होते ही आते है यहां हजारों पक्षी



पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** गर्मियों में पक्षियों की सेवा के उद्देश्य से राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर की ओर से शिल्पग्राम रोड स्थित वन विभाग की शिल्पग्राम नर्सरी में परिंडे बांधे गए।

यहां शिल्पग्राम नर्सरी इंचार्ज भावना कुंवर चौहान और कार्यरत महिला स्टाफ के साथ संस्थान की टीम ने पेड़ों पर परिंडे बांधे। इस दौरान नर्सरी इंचार्ज ने बताया कि इस नर्सरी में वैसे तो दिन भर पक्षियों की चहल पहल रहती है, लेकिन शाम होते होते यहां रोजाना में हजारों की संख्या में पक्षी आते है। परिंडे लगने से पक्षियों को पीने के पानी की बेहतर सुविधा मिलेगी।

संभाग की एक मात्र नर्सरी, जहां की पूरी जिम्मेदारी महिलाओं के पास

शिल्पग्राम नर्सरी की एक खास बात यह है कि यह उदयपुर संभाग की वन विभाग की एक मात्र ऐसी नर्सरी है जिसमें नए पौध तैयार करने, उनकी देखरेख करना और पौधों की बिक्री सहित नर्सरी से जुड़े समस्त कार्य महिला स्टाफ द्वारा ही किया जाता है। इस नर्सरी में हर साल लाखों पौधे तैयार होते है और बारिश के सीजन में ये पौधे विभिन्न स्थानों पर लगाए जाते है।

## मुंबई के मशहूर कवि और गायक कविश सेठ की होगी प्रस्तुति

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** देशभर के युवाओं की जुबान पर आ चुके %न जाने कब से अंग्रेजी भूत सवार है, हिन्दी बोले तो बोले गवार है% गीत से देशभर में चर्चा में आए मुंबई के मशहूर गायक, कवि और गीत लेखक कविश सेठ शनिवार शाम लेकसिटी में कश्ती फाउंडेशन के तत्वावधान में कविताओं व गीतों की प्रस्तुति देंगे। विद्या भवन ऑडिटोरियम में शाम 6 बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

कश्ती फाउंडेशन की संस्थापक श्रद्धा मुर्डिया ने बताया कि लेकसिटी के साहित्य प्रेमियों के लिए इस अनूठे आयोजन के तहत तुम्हीं हो बंधु, सखा तुम्हीं हो% की बॉलीवुड गायिका कविता सेठ के पुत्र कविश सेठ द्वारा कविता और गीतों की प्रस्तुति दी जाएंगी। कार्यक्रम में क्यूरेटर कलाकार कुणाल मेहता होंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रवेश निशुल्क है। कार्यक्रम में कविश सेठ के साथ ही लेकसिटी की नवीन प्रतिभाओं को भी मंच प्रदान किया जाएगा। इसके तहत दिनेश वर्मा, मारीशा दीक्षित जोशी व कोमल राज द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

नूरी वाद्य यंत्र के निर्माता हैं कविश सेठ

मुर्डिया ने बताया कि मशहूर सूफी गायिका कविता सेठ के बेटे कविश सेठ न सिर्फ अच्छे गायक, कवि और गीत लेखक हैं अपितु वे नूरी नामक वाद्य यंत्र के निर्माता भी हैं। यह वाद्ययंत्र रूबाब, सरोद, गिटार और डेम्बे आदि वाद्य यंत्रों का मिश्रित स्वरूप है। इसके साथ ही कविश अपने जुबान नामक संगीत प्रोजेक्ट के माध्यम से देशभर में आयोजन कर विभिन्न गांव–कस्बों के उभरते संगीत कलाकारों को मंच प्रदान कर रहे हैं। कविश अपने नए गाने हिंदी बोले को लेकर काफी चर्चा में रहे हैं। कविश ने पहली बार अपने यूट्यूब चैनल पर अपना पहला गाना रिलीज किया तो लाखों लोगों ने इसे पसंद किया। उनका ये गाना इंग्लिश और हिंदी भाषा के बीच होने वाले भेदभाव को लेकर है। स्कूलों, कॉलेजों और दफ्तरों से लेकर जगह-जगह किस तरह हिंदी बोलने वालों को हीन भावना से देखा जाता है, उसी पर कविश ने अपने गाने के जरिए व्यंग्य किया है।

# होम वोटिंग - शुक्रवार को 381 वरिष्ठजन व 70 दिव्यांगजन ने निभाया फर्ज

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत दूसरे चरण के मतदान को लेकर 14 अप्रेल से जारी होम वोटिंग प्रक्रिया में उदयपुर जिले में शुक्रवार को 381 वरिष्ठजन व 70 दिव्यांगजन ने लोकतंत्र के प्रति अपना फर्ज निभाया।

होम वोटिंग प्रकोष्ठ प्रभारी तरू सुराणा ने बताया कि शुक्रवार को होम वोटिंग टीमों ने घर-घर जाकर 85 वर्ष से अधिक आयु के 391 वरिष्ठ नागरिक व 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले चिन्हित 70 दिव्यांगजन से मतदान करवाया। जिले में अब तक 3007 बुजुर्ग एवं दिव्यांगजन होम वोटिंग सुविधा का लाभ ले चुके है। होम वोटिंग का प्रथम चरण 21 अप्रैल तक रहेगा। इसमें प्रतिदिन मतदान दल आवंटित रूट चार्ट के अनुरूप घर-घर जाकर मतदान कराएंगे।



## ब्रह्म रूपम सेवा संस्थान की रक्तदान शिविर को लेकर बैठक आयोजित

पदमावत मीडिया

ब्रह्म रुपम सेवा संस्थान की 21 अप्रैल को ऋषभदेव मे होने वाले रक्तदान शिविर के विषय को लेकर संस्था कार्यालय उदयपुर मे बैठक आयोजित की गई । सचिव भुवनेश्वर श्रीमाली ने बताया कि गर्मी के मौसम मे रक्त की कमी अधिक रहती है, रक्त की कमी को देखते हुए इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता रवि मेनारिया द्वारा ली गयी तथा शिविर संयोजक के रूप मे विनीत भंडारी,जितेश व्यास, डॉ.के.एल.टाक, मनोज कलाल एवं राजेंद्र पांडे को जिम्मेदारी दी गयी है।

इस शिविर का आयोजन 21 अप्रैल को ऋषभदेव कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया जाएगा रक्तदान शिविर के आयोजन मे रक्तादाता युवा वाहिनी, वरदान महावीर ग्रुप ऑफ स्कूल्स,ऋषभदेव और स्व.प्यारी बाई टाक ट्रस्ट का योगदान रहेगा

## देहदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन
## दम्पति सहित तीन लोगों ने भरा संकल्प पत्र

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के एनाटॉमी विभाग की ओर से देहदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पेर्सिफक मेडिकल विश्वविधालय के प्रेसिडेन्ट डॉ.एम.एम.मंगल,प्रो.वी.सी.डॉ. संगीता चौहान,एडिशनल प्रिसिंपल डॉ.विनोदनी वराहाडे,एनाटॉमी विभाग की विभागाघ्यक्ष डॉ. हीना शर्मा,भीलवाड़ा मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग की विभागाघ्यक्ष डॉ.पूजा गंगराडे एव डॉ.ईशा श्रीवास्तव ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन करके किया।

इस अवसर पर एनाटॉमी विभाग की विभागाघ्यक्ष डॉ.हीना शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे समुदाय को देहदान के महत्व और चिकित्सा शिक्षा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताना है। जिससे भावी स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षण दिया जा सके। देहदान चिकित्सा ज्ञान को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महान योगदान के रूप में कार्य करता है शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पीएमसीएच का एनाटॉमी विभाग चिकित्सा विज्ञान और शिक्षा पर शरीर दान के अमूल्य प्रभाव के संबंध में समाज के बीच जागरूकता और समझ को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है जिससे की भविष्य के लिए उच्चस्तरीय मेडिकल प्रोफेशनल मिल सके। इस दौरान डॉ.ईशा श्रीवास्तव ने देहदान से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी देते हुए देहदान की प्रकिया के बारे में बताया।

कार्यक्रम के दौरान पीएमसीएच मे कार्यरत भीमसिंह सरूपरिया एवं उनकी धर्मपा| चन्द्रकला सरूपरिया के साथ ही अमित चौधरी ने देहदान का संकल्प पत्र भरा।

जागरूकता कार्यक्रम में पीएमसीएच के सभी विभागो के विभागाध्यक्ष एवं विद्यार्थीयो सहित मरीजो के परिजन भी उपस्थित रहे।

# भट्टी पूजन के साथ हुआ जैन समाज के महाकुंभ का शुभांरभ

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** सकल जैन समाज की प्रतिनिधि संस्था महावीर जैन परिषद के तत्ववाधान में श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर 21 अप्रेल रविवार को प्रात» 8.30 बजे नगर निगम प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं, श्री महावीर युवा मंच संस्थान द्वारा बीएन कॉलेज प्रांगण में सकल जैन समाज के एक लाख धर्मावलम्बियों का स्वामीवात्सल्य का आयोजन होगा।

परिषद के मुख्य संयोजक राजकुमार फत्तावत ने बताया कि 21 अप्रेल महावीर जयंती पर आयोजित होने वाले सकल जैन समाज के महाकुंभ की तैयारियां जोरशोर से शुरू हो गई है। वहीं स्वामीवात्सल्य के मुख्य संयोजक संजय भण्डारी श्याम नागौरी, भोजनशाला संयोजक राजकुमार गन्ना के नेतृत्व में शु' वार को बीएन कॉलेज ग्राउण्ड में भट्टी पूजन किया गया। भट्टी पूजन के साथ ही मिठाईयां बननी प्रारम्भ हो चुकी है। जिसमें सुरत के हीरजी भाई व उदयपुर के विमल सेठ के नेतृत्व में करीब 300 हलवाई की टीम भोजन बनाने में जुटी हुई है।

मुख्य संयोजक संजय भण्डारी ने बताया कि सकल जैन समाज के महाकुंभ में करीब एक लाख धर्मावलम्बीयों का समागम होगा। आयोजन को लेकर अलग-अलग समितियों का गठन कर 100 से अधिक कार्यकर्ता अपने-अपने कार्यो को अंतिम रूप देने में जुटे हुए है। संयोजक श्याम नागोरी ने बताया कि बीएन कॉलेज प्रांगण में 90 हजार स्क्वायर फीट का विशाल डोम बनाने के लिए करीब 250 से अधिक कारीगर डोम बनाने में जुटे हुए है। जिसमें 500 पंखे तथा एयर कूल करने के लिए सम्पूर्ण डोम में मिस्ड लाइन बिच्छाई गई है।

संस्थान के अध्यक्ष अशोक कोठारी ने बताया कि स्वामीवात्सल्य में श्रीखण्ड, बेसन चक्की, मख्खन बड़ा, खिचड़ी, दाल, मटर पनीर, अमचुर, नमकीन दाणा, झकोलमा पुडी, सादी पुडी, छाछ आदि शामिल है। भोजन वितरण के लिए जैन समाज के विभिन्न महिला संगठन व युवा संगठन के 500 साथी 50 काउन्टर पर मौजूद रहेंगे। पार्किंग की व्यवस्था बीएन कॉलेज ग्राउण्ड और दोनो ओवर ब्रिज के नीचे रहेगी।

महावीर युवा मंच संस्थान की महामंत्री विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने बताया कि संस्थान महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा ऋतु मारू के नेतृत्व में 100 से अधिक महिला संगठन उदयपुर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में पीले चावल व निमंत्रण पत्र से घर-घर जाकर आमंत्रण दिया जा रहा है।

जैन जागृति सेन्टर के अध्यक्ष व शोभायात्रा के संयोजक सुधीर चित्तौड़ा ने बताया कि शोभायात्रा में सबसे आगे एस्कोर्ट रूट क्लियरिंग टीम, उसके पीछे गजराज, 11 अश्व सवार हाथों में जैन ध्वज लिए चलेंगे। उनके बाद अंहिसा प्रतिक चिन्ह, पावापुरी व सप्त किरण बग्गी चलेगी। उनके पीछे 108 इन्द्रियाणियां अपने हाथों में जैन ध्वज लेकर चलेगी। उनके पीछे बैण्ड व विभिन्न विद्यालयों के छात्र, उनके बाद विभिन्न समाज व संगठनों की झाकियां, हाथ से खिचने वाला रथ, उसके बाद विभिन्न समाज व संगठनों के पुरूष व महिलाएं तीन तीन की कतार में शोभायात्रा में चलेगी।


भारतीय जैन संघटना युथ विगं के अध्यक्ष जय चौधरी व महामंत्री आयुष वक्तावत ने बताया कि श्रमण भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव पर बीएन कॉलेज प्रांगण में प्रात» 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर आयोजन रखा गया है। जिसमें 1008 रक्त युनिट का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शिविर को लेकर युवक-युवतियों में भारी उत्साह है।

# पदमावत मीडिया

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र • वेब न्यूज़ पोर्टल • वेब न्यूज़ चैनल

E-mail: padmavatmedia@gmail.com I Web: www.padmavatmedia.in

padmavatmedia I +91-95945-42679




पदमावत मीडिया अपने सभी पाठकों एवं दर्शकों सहित सहयोगियों को
जैन धर्म के २४ वें तीर्थंकर

## भगवान श्री महावीर स्वामी के २६२३ वें जन्म कल्याणक

के शुभ अवसर पर आप सभी को

## महावीर रत्न अवार्ड -2024

से सम्मानित किए जाएंगे।

यह सम्मान पत्र 21 अप्रेल से 30 अप्रेल तक किए जाएंगे



नोट : महावीर रत्न अवार्ड - 2024 के लिए आपको अपना एक फोटो (फोटो अच्छी क्वालिटी में पासपोर्ट साइज होना अनिवार्य है) एवं आपका पूरा नाम सहित जिला, राज्य लिखकर हमें व्हाट्सएप के माध्यम से भेजना होगा।

## हमारा व्हाट्सएप नंबर : +91-95945-42679

PADMAVAT MEDIA
न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

ISO 9001 2015 CERTIFIED

IAF — MEMBER OF MULTILATERAL RECOGNITION ARRANGEMENT



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।